**Title:** Regarding death of four persons in Duluhera village of Bagpat district, Uttar Pradesh.

**कुंवर अखिलेश सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बालैनी थानान्तर्गत गांव डालूहेड़ा में आज से दो दिन पूर्व महिलाओं, दलितों, पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ पुलिस द्वारा अत्याचार किया गया, लूटपाट की गई। कल दिनांक 22.8.2001 को बालैनी थाना के नज़दीक श्रीकृण इंटर कालेज में समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष श्री औंकार यादव के नेतृत्व में महापंचायत बुलाई गई थी जिसमें 50 हजार से अधिक लोग सम्मिलित हुये थे। जब वे लोग अपनी पंचायत कर रहे थे, एक केन्द्रीय मंत्री के इशारे पर बालैनी पुलिस ने वहां किसानों पर सीधे गोली चलाने का काम किया। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, तीन आदमी जीवन और मौत के बीच में संघर्ा कर रहे हैं और 70 से ज्यादा लोग घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। वहां तनाव का वातावरण व्याप्त है। उत्तर प्रदेश की पुलिस वहां जान-बूझकर गोली बरसाने का काम कर रही है।

उपाध्यक्ष महोदय, हम आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करते हैं कि एक संसदीय दल वहां भेजा जाये जो घटना का सही मूल्यांकन कर सके। तत्पश्चात् जिन निर्दोा किसान लोगों को पुलिस ने मौत के घाट उतारने का काम किया है, उन्हें कठोर से कठोर सजा देने का निर्णय किया जाये। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देशित किया जाये कि वह निर्दोा लोगो का खून बहाने का काम बंद करे।

**श्री रामजीलाल सुमन** : उपाध्यक्ष महोदय, संसदीय कार्य मंत्री यहां बैठे हुये हैं। वे बतायें कि संसदीय दल भेज रहे हैं या नहीं?

**श्री बेनी प्रसाद वर्मा (कैसरगंज)** : उपाध्यक्ष महोदय, संसदीय कार्य मंत्री बैठे हुये हैं, आप उन्हें निर्देश दें।

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं यहां से उन्हें डायरेक्शन्स नहीं दे सकता।

**श्री बेनी प्रसाद वर्मा** : उपाध्यक्ष महोदय, हम इसके विरोध में सदन से बहिर्गमन करते हैं।

**13.22 hrs.**

(तत्पश्चात् श्री बेनी प्रसाद वर्मा तथा कुछ अन्य माननीय सदस्य सदन से बाहर चले गये।)